### शहरी सहित ग्रामीण अंचलों में अवैध शराब बिक्री रोकने सख्त कार्यवाही नहीं

# कलेक्टर तक पहुंच रही अवैध शराब बिक्री की शिकायतें, कार्यवाही में बेपरवाह रवैया

जिले में माफियाओं द्वारा बेखौफ होकर शराब की अवैध बिक्री कर रहे हैं लेकिन इस अवैध कारोबार को रोकने की हिम्मत न तो पुलिस कर रही न ही आबकारी। पैकारियों को बंद कराने के लिए प्रदर्शन, आंदोलन करने तक ग्रामीण उतर रहे हैं लेकिन नतीजा सिफर। जब स्थानीय स्तर पर न पुलिस सुन रही है और न नेता तब थक हारकर लोग कलेक्टर की चौखट तक पहुंच रहे हैं। यही उम्मीद लेकर की शायद यहां फरियाद सुनी जाए और परेशानियों से छुटकारा मिल सके। कलेक्टर के निर्देश पर आबकारी विभाग छुटपुट कार्यवाही कर देता है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नशे के दुष्प्रभावों से बचने के लिए भले ही जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, नशेड़ियों पर कार्यवाही भी हो रही है लेकिन नशे के अवैध कारोबार को रोकने की बजाये सह दिया जा रहा है जिससे माफिया मालामाल एवं नशेड़ी बर्बादी की कगार पर हैं सेटिंग से पैकारियां फल फूल रही है। शराब की अवैध बिक्री एवं नशेड़ियों से परेशान महिलाओं द्वारा कई बार चकाजाम प्रदर्शन भी किया जा चुका है। थानों से लेकर जन सुनवाई तक शिकायतें आम हो रही है।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही की गई है। जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्देशों के अनुपालन में अभियान के तहत वृत्त स्लीमनाबाद के अंतर्गत ग्राम नैगवा, शंकर भटिया तेवरी, डुंगरिया, हरदुआ, सिहुड़ी में दविश दी गई।

दबिश की कार्यवाही में 24 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 360 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर जप्त किया गया। कार्यवाही में म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 के तहत 7 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।

आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने बताया कि आबकारी की टीम द्वारा एक अन्य कार्यवाही में वृत विजयराघवगढ़ में ग्राम सिंगौड़ी, खिरवा, फूटहाटोला में दबिश के दौरान 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गई एवं आबकारी एक्ट के तहत 3 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।

कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी, मंशा राम उइके, प्रवीण रतन बरकड़े आबकारी वृत विजयराघवगढ़ प्रभारी, आबकारी उप निरीक्षक केशव उइके, वृत स्लीमनाबाद प्रभारी, आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार सहित स्टाफ का योगदान रहा।



## जुआ खेलते पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एनकेजे पुलिस ने ग्राम पड़रिया में जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के पास से नकदी रूपए, मोबाइल एवं मोटर साइकिलें भी जब्त की गई हैं। पुलिस के अनुसार गत रात मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग ग्राम पडरिया जनसुविधा केन्द्र के अन्दर तास के पत्तो पर रुपये पैसो का दाव लगाकर जुआ मन्ना खेल रहे है। सूचना पर हमराह स्टाफ मुखबिर के बताये हुए स्थान पर पहुंच कर रेड कार्यवाही किया। जन सुविधा केन्द्र के अन्दर कुछ व्यक्ति तास के पत्तो पर रुपये पैसो का दाव लगाकर जुंआ खेलते दिखे जिन्हे घेरा बंदी कर पकडा गया। जुआ फड से नगदी 5000 रुपये व 05 मोटरसाइकल एवं 05 स्मार्ट मोबाइल का कुल मशरुका 190000 रुपये समक्ष गवाहान के विधिवत जप्त किया गया। पांचो आरोपियो के विरुद्ध थाना एन.के.जे मे जुंआ एक्ट प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। क्षेत्र मे परिशांति कायम रखने हेतु पांचो असमाजिक तत्वो के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर एसडीएम के न्यायालय मे पेश कर बाउंडओवर कराया गया।

जुआरियों में रोहित कुमार पिता बृजबिहारी गौतम 29 साल, राजकुमार बर्मन पिता सुंदर लाल बर्मन 40 साल, आनंद गडारी पिता अठ्या गडारी 34 साल, संतोष पटेल पिता नरेश पटेल 48 साल एवं केदार साहू पिता श्याम बिहारी 34 साल सभी निवासी ग्राम पडरिया शामिल हैं। कार्यवाही में उप.निरी. रुपेन्द्र राजपूत, सउनि मनोज कुडापे, सहपाल परतेती, प्र.आर. प्रहलाद सैयाम आदि शामिल रहे।

### खबर संक्षेप

## तीन दिनी कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे जिपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सीईओ

**कटनी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा भोपाल में आयोजित 3 दिवसीय कांफ्रेंस आत्मनिर्भर भारत-समृद्ध मध्यप्रदेश में जिला पंचायत कटनी की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता मेहरा, उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर एवं जिला पंचायत के सदस्य तथा समस्त जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जारी कैलेंडर एवं तय कार्यक्रम में चरणबद्ध तरीके से शामिल होंगे। जिपं सीईओ सुश्री कौर ने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस आत्मनिर्भर पंचायत-समृद्ध मध्यप्रदेश 24, 25 एवं 26 नवंबर को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हाल) भोपाल में आयोजित की गई है। सुश्री कौर ने आगे बताया कि शासन के निर्देशों के अनुक्रम में जिला पंचायत की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ,सदस्यों, समस्त जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को जारी कैलेंडर और कार्यक्रम के मुताबिक निर्धारित तिथियों में प्रातः 9 बजे नियत स्थल पर उपस्थित होने हेतु आमंत्रण पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है। कॉन्फ्रेंस में तीन दिवस हेतु जारी कैलेंडर के अनुसार मिनिट टू मिनट कार्यक्रम और गतिविधियों का आयोजन होगा।

## शिकायतों के निराकरण में नगर निगम ने हासिल किया ए ग्रेड

**कटनी।** सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में गुरुवार को जारी प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग में नगर निगम कटनी प्रथम समूह के जिलों की सूची में टॉप टेन अग्रणी नगर निगमों में शामिल है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन एवं कुशल मार्गदर्शन में नगर निगम कटनी ने शिकायतों के निराकरण 91.46 वेटेज स्कोर के साथ आठवां स्थान हासिल किया है। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने इस उपलब्धि हेतु निगम के सभी संबंधित अधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते और अधिक संवेदनशीलता के साथ कारगर पहल करने की हिदायत दी है। जिले में अक्टूबर माह में प्राप्त कुल 674 शिकायतों में से 53.59 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण ए ग्रेड हासिल किया है। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा प्रत्येक माह सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के आधार पर ग्रेडिंग जारी की जाती है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या द्वारा सी एम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की गई निरंतर मॉनिटरिंग के परिणामस्वरूप ही अधिकारियों द्वारा माह अक्टूबर में प्राप्त कुल 674 शिकायतों का 53.59 फीसदी संतुष्टिपूर्ण निराकरण तथा 91.46 फीसदी कुल वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का निराकरण कर आठवें स्थान में शामिल है।

## हाईवे में पिपरौध के समीप हादसा, दो गंभीर घायल

**कटनी।** माधव नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पिपरौध के अग्रवाल ढाबा के पास देर शाम एक सड़क दुर्घटना हो गई। हादसे में दो लोग बुरी तरह घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल एनएचआई टीम की मदद से राहत कार्य शुरू किया और दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुर्घटना इतनी अचानक हुई कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। सूचना मिलने पर माधव नगर पुलिस मौके पर पहुँच गई और घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। दोनों घायलों की पहचान नहीं हो सकी। अस्पताल प्रशासन के अनुसार दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है।

## अपर कलेक्टर बरही और बुजबुजा में आज करेंगे लोक सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़ से कैमोर तथा बरही बायपास निर्माण के लिए कटनी के तहसील विजयराघवगढ़ के अन्तर्गत ग्राम बंजारी, मझगवां, गौरहा एवं कलहरा तथा तहसील बरही के ग्राम खन्ना बंजारी, बरही एवं बुजबुजा की जमीनों का अर्जन किया जाना है। इसके लिये कलेक्टर आशीष तिवारी ने इन सभी ग्रामों में लोकसुनवाई हेतु अपर कलेक्टर एवं जिला भू-अर्जन अधिकारी नीलांबर मिश्रा को नियुक्त किया है।

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम, 2013 की धारा 5 के प्रावधान तहत सामाजिक समाघात निर्धारण के लिये परियोजना से प्रभावित क्षेत्रों व ग्रामों में लोकसुनवाई शिविर का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही प्रभावित ग्रामों के सभी जनसामान्य से जन सुनवाई हेतु निर्धारित की गई तिथि पर उपस्थित होकर परियोजना हेतु तैयार की जा रही सामाजिक समाघात प्रतिवेदन रिपोर्ट एवं सामाजिक समाघात प्रबंध योजना पर अपना अभिमत प्रस्तुत करने का आग्रह किया है। ताकि सामाजिक समाघात निर्धारण प्रतिवेदन एवं सामाजिक समाघात प्रबंध योजना का अवलोकन कार्यालय कलेक्टर की भू-अर्जन शाखा में किया जा सके।

जारी अधिसूचना के अनुसार तहसील बरही के ग्राम पंचायत भवन खन्ना बंजारी में 21 नवंबर प्रातः 10 बजे, ग्राम पंचायत बरही में 21 नवंबर दोपहर 12 बजे एवं ग्राम पंचायत बुजबुजा में 21 नवंबर अपरान्ह 2 बजे लोकसुनवाई का आयोजन किया जायेगा।

## कृषि विभाग ने किसानों को एनपीके खाद प्रयोग करने की दी सलाह

**कटनी।** कृषि विभाग ने जिले के सभी किसान साथियों को गेहूं एवं चना की फसल में ज्यादा उपज हेतु केवल यूरिया और डीएपी पर निर्भर न रहते हुये 12:32:16 एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी है। फसलों के लिए तीन मुख्य पोषक तत्व— नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश आवश्यक है। लेकिन किसान साथी अक्सर पोटाश तत्व की अनदेखी कर रहे हैं, जिसके कारण उन्हें अपेक्षित उपज नहीं मिल पा रही है। पोटाश तत्व पौधों के लिए एक 'सुरक्षा कवच' का काम करता है। यह रोग और कीटों के प्रति पौधों में प्रतिरोधक क्षमता लाता है। यह फसल के दाने को बोल्ड (मोटा) बनाता है और दाने में चमक लाता है, जिससे फसल का बाजार मूल्य भी बेहतर हो सकता है। उपसंचालक कृषि डॉ. पटेल ने बताया कि जिले में विशेष रूप से एनपीके 12:32:16 खाद मंगवाई गई है। मालवा क्षेत्र में डीएपी की तुलना में किसान एनपीके 12:32:16 को प्राथमिकता देते हैं, जिसके कारण उन्हें यह खाद पहले उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। लेकिन अब यह खाद जिले में उपलब्ध है। एनपीके 12:32:16 खाद, डीएपी की तुलना में लगभग 550 रूपये ज्यादा महंगी है। यह कीमत का अंतर इसलिए है क्योंकि इसमें पोटाश तत्व भी शामिल है, जबकि डीएपी में केवल नाइट्रोजन और फॉस्फोरस तत्व होते हैं।

## छात्र छात्राओं को स्वेटर का किया गया वितरण



जिले में दिनों दिन बढ़ रही ठंड से जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। सामाजिक संगठनों एवं समाजसेवियों द्वारा गरीबों एवं जरूरतमंदों को कंबल, स्वेटरों का वितरण किया जा रहा है। अपने आस पास को लोगों की मदद की शुरुवात कर रहे है। इसी क्रम में शासकीय माध्यमिक शाला मुखास में समाज सेवी सुश्री नेहा सिंगोतिया एवं समाज सेवी सोनल निषाद के द्वारा समस्त छात्राओं को स्वेटर वितरित किया है। समाजसेवी का कहना है कि ठंड की वजह से किसी प्रकार की समस्या या परेशानी का सामना नहीं करना पड़े इसलिए जरूरतमंदों को गर्म कपड़ों का वितरण किया जा रहा है। स्वेटर पाकर विद्यार्थियों के चेहरों में मुस्कान आ गई। स्कूल स्टाफ द्वारा समाजसेवी का आभार व्यक्त किया गया।

## कचरा के ढेर से बीमारियों का खतरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

ग्राम पंचायत टोला में जगह जगह कचरा के ढेर नजर आ रहे हैं लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। गंदगी एवं कचरे के ढेर के चलते बदबू भी बनी रहती है। गंदगी की वजह से नालियां जाम पड़ी हैं, जहां पानी का जमाव बना रहता है।

### दिखावे के लिए होती है सफाई

कचरे में मच्छर पनपते हैं, दुर्गंध और कीचड़ की वजह से लोगों को आने जाने में भी परेशान होना पड़ता हैं। कई जगहों पर तो कचरा इतने दिनों से पड़ा है कि वहां से बदबू अधिक रहती है। स्कूल, आंगनबाड़ी और पंचायत भवन के पास भी बेहतर सफ़ाई नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां साफ़–सफ़ाई सिर्फ किसी बड़े अधिकारी के दौरे से पहले कराई जाती है, बाकी समय कोई ध्यान नहीं देता। टोला में पिछले कुछ महीनों से साफ़–सफ़ाई बेपटरी हो गई है। जाम नालियों के कारण गांव में मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। डेंगू, मलेरिया, टायफाइड, डायरिया और त्वचा रोग जैसी बीमारियों का खतरा माना जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी गांव का दौरा बहुत कम करती हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि गंदगी के कारण बच्चों और बुजुर्गों में बीमारी फैलने की आशंका अधिक रहती है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। पेयजल के स्रोत भी गंदगी के कारण प्रभावित हो रहे हैं। हैंडपंप और कुओं के आसपास सफ़ाई न होने से पानी दूषित होने की आशंका बढ़ जाती है।



## खेतों में जला रहे नरवाई, शिकायत पर भी जांच नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

नरवाई जलाने पर प्रशासन द्वारा रोक लगाई गई है लेकिन तब भी किसान खेतों में आग लगा रहे हैं। नरवाई जलाने से न केवल पर्यावरण प्रदूषित होता है बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी प्रभावित होती है। ग्राम पंचायत टोला हार में किसानों द्वारा नरवाई में आग लगाने की घटनाएँ सामने आ रही हैं। नरवाई की आग से उठते धुएँ से सांस लेने में परेशानी, आँखों में जलन की समस्या हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रतिबंध के बावजूद नरवाई जलाई जा रही है। समय-समय पर शिकायतें की गईं, परंतु किसी भी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई देखने को नहीं मिली।



## आधार हाउसिंग ने कटनी में नई शाखा खोली

**जबलपुर।** कटनी क्षेत्र में आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड देश की लो-इनकम हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों में से एक ने कटनी में अपनी नई शाखा की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य कम और मध्यम आय वर्ग के परिवारों को सुलभ और भरोसेमंद होम लोन उपलब्ध कराना है। नई शाखा का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीए शशांक श्रीवास्तव, पूर्व महापौर, नगर पालिका निगम कटनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अनिल नायर, सीओओ, आधार हाउसिंग फाइनेंस, सहित कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**कार्यालय कस्तूरबा गाँधी बालिका छात्रावास भुड़सा**
**JSK भुड़सा, जनपद शिक्षा केंद्र - बड़वारा, ZSK कटनी (म.प्र.)**

पत्र क्रं. दिनांक-20/11/2025

कस्तूरबा गाँधी बालिका छात्रावास भुड़सा में निविदा आमंत्रित की जाती है 21/11/2025 से 28/11/2025 तक दोपहर 4:00 बजे तक जमा होगी। 21/12/2025 को समय 12 :00 बजे छात्रावास प्रबंधन समिति के सामने खोली जायेगी। निविदा पत्र जमा करते समय आवश्यक दस्तावेज की छायाप्रति कार्य अनुभव प्रमाण पत्र, जी.एस.टी एवं विगत वर्ष का रिटर्न की प्रति देनी होगी। खाद्यान्न किराना, स्टेशनरी, व्यक्तिगत सामग्री, सब्जीफल हेतु पंजीकृत फर्मो का आवेदन आमंत्रित है।

वार्डन- कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय
भुड़सा (समग्र शिक्षा)
विकासखंड- बड़वारा, जिला कटनी म.प्र.

### नगरीय क्षेत्रों में गुरूवार से अभियान की हुई शुरूआत

# भूमिहीन परिवारों को मिलेगा आवासीय भूमि का पट्टा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य सरकार ने नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले भूमिहीन और आवासहीन परिवारों को आवासीय भूमि के पट्टाधिकार प्रदान करने के लिए 20 नवम्बर गुरूवार से व्यापक अभियान शुरू किया है। आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री संकेत भोंडवे ने बताया कि यह अभियान 13 दिसम्बर तक चलेगा। इसके लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा राजस्व विभाग ने संयुक्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत बीएलसी और एएचपी घटकों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार ने वर्ष 1984 के मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधिकार) अधिनियम में संशोधन करते हुए पात्रता तिथि को 31 दिसम्बर 2020 निर्धारित किया है। इस तिथि तक सरकारी, नगर निकाय या विकास प्राधिकरण की भूमि पर वास्तविक रूप से काबिज ऐसे आवासहीन परिवार पट्टाधिकार प्राप्त करने के पात्र होंगे। राज्य के सभी नगरीय क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य 20 नवम्बर से 13 दिसम्बर तक चलेगा। सूची 14 दिसम्बर को प्रकाशित की जाएगी। किसी भी आपत्ति या सुझाव के निराकरण के बाद 29 दिसम्बर को अंतिम सूची संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा जारी की जाएगी। यह सूची संबंधित जिला कार्यालय की वेबसाइट और विभागीय वेबसाइट www.mpurban.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगी। प्रत्येक जिले में सर्वेक्षण दल गठित किए जाएंगे, जिनमें राजस्व अधिकारी प्रमुख होंगे और सर्वेक्षण के दौरान आधार e-KYC आधारित समग्र ID अनिवार्य रहेगी। नगरीय विकास आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण की प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संचालित की जाएगी। अंतिम सूची जारी होने के बाद पात्र हितग्राहियों को आवासीय भूमि के स्थाई एवं अस्थायी पट्टों का वितरण 4 जनवरी 2026 से 20 फरवरी 2026 के मध्य किया जाएगा। स्थाई पट्टे लाल रंग में और अस्थायी पट्टे पीले रंग में प्रदान किए जाएंगे। जिन क्षेत्रों में झुग्गी बस्तियों का अन्यत्र पुनर्व्यवस्थापन आवश्यक है, वहां समिति के निर्णय के अनुसार हितग्राहियों को वैकल्पिक स्थान पर व्यवस्थित किया जाएगा। स्थाई रूप से पट्टा प्राप्त क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, नालियां, बिजली और अन्य आवश्यक अधोसंरचना का विकास नगरीय निकाय एवं विकास प्राधिकरणों द्वारा प्राथमिकता से किया जाएगा। राज्य शासन ने पट्टा वितरण की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और जन-जागरूकता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। अवैध अधिपत्य, धोखाधड़ी या गलत जानकारी के आधार पर पट्टा प्राप्त करने जैसे मामलों में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर ब्लैकलिस्ट तैयार की जाएगी।

**जन्मदिन उत्सव**
**महाबम्पर ड्रा**
**कल के अंक में देखें**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### 6 हजार रूपए की अवैध मदिरा की गई जब्त

**कटनी।** जिले में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक 01 के अंतर्गत झर्रा टिकुरिया, लखेरा, बंगला लाईन बसोर मोहल्ला एवं अमीरगंज कैम्प में दबिश दी गई। जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने बताया कि जांच टीम द्वारा इस कार्यवाही में 8 पाव देशी मदिरा मसाला, 40 पाव विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की जब्त की गई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 5 हजार 968 रुपए है। कार्यवाही में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत तीन प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं।

### 12 से 18 दिसंबर तक कराई जाएगी द्वारका-सोमनाथ तीर्थ यात्रा

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत द्वारका - सोमनाथ यात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह यात्रा 12 दिसंबर से 18 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। कटनी जिले के लिए इस यात्रा में कुल 250 बर्थ आवंटित किए गए हैं। यात्रा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28 नवंबर तक निर्धारित की गई है। द्वारका-सोमनाथ तीर्थयात्रा के आवेदन पत्र जमा करने एवं संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु नगरीय क्षेत्र के लिए नगर निगम आयुक्त को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर निगम सीमांतर्गत निवासरत इच्छुक तीर्थयात्री निर्धारित तिथि तक अपना पूर्ण आवेदन नगर निगम के कक्ष क्रमांक 66 निर्वाचन,जनगणना शाखा में जमा कर सकते है। आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट www.dharmasva.mp.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। 60 वर्ष से अधिक आयु के पति-पत्नी (महिला को 2 वर्ष की छूट) आवेदन कर सकते हैं। 65 वर्ष से अधिक आयु के आवेदक अपने साथ एक सहायक ले जा सकते हैं। आवेदकों को आवेदन पत्र के साथ समग्र आईडी, वोटर आईडी या आधार कार्ड की प्रतिलिपि देना अनिवार्य है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### सुपरसीडर यंत्र से आधुनिक खेती की दिशा मे बढ़ाया कदम

**कटनी।** कृषि अभियांत्रिकी विभाग से अनुदान पर सुपर सीडर यंत्र लेकर विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम बासन की प्रगतिशील महिला किसान श्रीमती सरोज बाई ने न केवल आधुनिक खेती की दिशा में कदम बढ़ाया। बल्कि, पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दे रहीं हैं। सुपर सीडर यंत्र एक बहुउद्देशीय कृषि यंत्र है जो मिट्टी की तैयारी, बीजारोपण और खाद डालने का कार्य एक ही बार में कर देता है। जिससे श्रम और समय की बचत तो होती ही है, साथ ही कृषि की लागत भी कम हो जाती है। यह यंत्र सिर्फ खेती को आसान नहीं बनाता, बल्कि किसान को आर्थिक रूप से मजबूत और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक भी बनाता है। सरोज बाई कहती हैं कि ₹इस मशीन के उपयोग से फसलों की कटाई के बाद खेत में बचे हुए फसल अवशेष (नरवाई) को जलाने की जरूरत नहीं पड़ती है। फसल अवशेष मिट्टी में ही मिलकर प्राकृतिक खाद का काम करते हैं। जिससे नरवाई का प्रबंधन खेत में ही हो जाता है और मिट्टी की गुणवत्ता में भी सुधार होता है। पर्यावरण संरक्षण में यह तकनीक अत्यंत उपयोगी है।

### शीतलहर से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था

**कटनी।** नगर में रात्रि के दौरान शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने शहर के विभिन्न भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में अलाव व्यवस्था को निरंतर जारी रखा है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देश पर रात के समय राहगीरों, असहाय एवं श्रमिक वर्ग को राहत देने के उद्देश्य से निगम टीम नियमित रूप से मुख्य चौक-चौराहों कटनी मुख्य रेलवे स्टेशन के बाहर, जिला चिकित्सालय परिसर, रेन बसेरा, बस स्टैंड, कमानिया गेट पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास सहित अन्य स्थलों में जलाऊ लकड़ियों की व्यवस्था मुहैया कराई जा रही है।

## 1 दिसंबर से शुरू होगा धान उपार्जन, 2369 रूपए क्विंटल समर्थन मूल्य

# जिले के 86 केन्द्रों में होगा धान उपार्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत कृषकों से 1 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक धान का उपार्जन किया जायेगा। जिला उपार्जन समिति की अनुसंशा पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने धान उपार्जन हेतु 86 उपार्जन केंद्र निर्धारित किये है और इनके पर्यवेक्षण एवं सुचारू संचालन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किये है।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान का समर्थन मूल्य 2369 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। कृषकों से उपार्जन कार्य सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक 5 दिवस प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक किया जायेगा एवं कृषक तौल पर्ची सायं 6 बजे तक जारी की जायेगी। जिन कृषकों की उपज की तौल अपरिहार्य कारणवश सोमवार से शुक्रवार के बीच निर्धारित दिवस को नहीं हो सकेंगी, उनकी तौल शनिवार को की जायेगी।

### यहां बने उपार्जन केंद्र

कटनी तहसील में पहाड़ी एवं उपार्जन स्थल मां शारदा वेयरहाउस एंड एग्रो सर्विसेज, पिपरौंध उपार्जन केंद्र के उपार्जन स्थल श्री कृष्णा वेयर हाउस 66 पीरबाबा, हीरापुर कौड़िया उपार्जन केंद्र का उपार्जन स्थल मां नर्मदा वेयर हाउस 107 गाताखेड़ा, उपार्जन केंद्र सिंघनपुरी उपार्जन स्थल सतगुरु वेयर हाउस 110, किवलारी, उपार्जन केंद्र कन्हवारा, उपार्जन स्थल सरन्या वेयर हाउस बोहता, उपार्जन केंद्र कैलवाराकला उपार्जन स्थल एस.एस. जैन 52 वेयर हाउस इंद्रानगर बायपास, उपार्जन केंद्र कैलवारा (चाका) – 02 का उपार्जन स्थल श्री नाथजी वेयर हाउस 44 कैलवारा, उपार्जन केंद्र मुडवारा के उपार्जन स्थल सांवरिया फूड प्रोसेसिंग 27 लमतरा, उपार्जन केंद्र कुठला का उपार्जन स्थल हिन्द एनर्जी वेयर हाउस 86, इंद्रानगर बायपास है।

ढीमरखेड़ा तहसील की उपार्जन केंद्र एवं उपार्जन स्थल खमतरा, उपार्जन स्थल कटरिया, झिन्ना पिपरिया, मुरवारी उपार्जन केन्द्र, उपार्जन स्थल सिमरिया, पोंड़ीकला, दसरमन उपार्जन केन्द्र, कछारगांव उपार्जन केन्द्र, उपार्जन स्थल कुदवारी, उपार्जन स्थल मंडी प्रांगण उमरियापान, उपार्जन स्थल नेगई, उपार्जन स्थल तिलमन, देवरी मंगेला उपार्जन केन्द्र, टोला उपार्जन केन्द्र, खाम्हा उपार्जन केन्द्र बनाया गया है।

इसी प्रकार स्लीमनाबाद तहसील के कौड़िया उपार्जन केन्द्र के उपार्जन स्थल नर्मदांचल वेयर हाउस 31, तेवरी उपार्जन केन्द्र, पड़रभटा उपार्जन केन्द्र, धुरी के उपार्जन स्थल एकता वेयर हाउस पड़वार, स्लीमनाबाद उपार्जन केन्द्र, उपार्जन स्थल ग्राम भूला स्थित राधाकृष्ण वेयर हाउस, धरवारा के उपार्जन स्थल कारीपाथर, जुजावल के उपार्जन स्थल नृसिंह वेयर हाउस 93 जुजावल बनाया गया है।

बहोरीबंद तहसील के कुंआ उपार्जन केन्द्र के उपार्जन स्थल सरस्वती वेयर हाउस 91 नीमखेड़ा, केवलारी उपार्जन केन्द्र, कूड़न उपार्जन केन्द्र, देवरी खरगवां के उपार्जन स्थल डीएम वेयर हाउस, पथराडी पिपरिया उपार्जन केन्द्र, बरही (बाकल) के उपार्जन स्थल डीबी वेयर हाउस, बहोरीबंद उपार्जन केन्द्र, सिंदुरसी के उपार्जन स्थल सावित्री सिंह वेयर हाउस, बाकल उपार्जन केन्द्र, मसंधा के उपार्जन स्थल छुरिया भटवा, सिहुडी उपार्जन केन्द्र, हथियागढ़ उपार्जन केन्द्र, बचैया के उपार्जन स्थल खेर माई वेयर हाउस, इमलिया उपार्जन केन्द्र, कूड़ा उपार्जन केन्द्र, चांदनखेड़ा उपार्जन केन्द्र, सलैया पटोरी उपार्जन केन्द्र और खमतरा उपार्जन केन्द्र बनाया गया है।

इसी प्रकार विजयराघवगढ़ तहसील में कांटी के उपार्जन स्थल मारुति वेयर हाउस, जिवारा के उपार्जन स्थल सरगम वेयर हाउस, देवराकला के उपार्जन स्थल रिया वेयर हाउस, विजयराघवगढ़ उपार्जन केन्द्र, सिनगौडी, उपार्जन केन्द्र, उबरा के उपार्जन स्थल अन्नपूर्णा वेयर हाउस 133, डोकरिया, अमेहटा, सलैया कोहारी के उपार्जन स्थल टीकर, कारीतलाई के उपार्जन स्थल बराती ताल, बंजारी, और धवैया के उपार्जन स्थल विजयनाथ वेयर हाउस को बनाया गया है।

रीठी तहसील में बडखेरा के उपार्जन स्थल महावीर वेयर हाउस 142 पिपरिया परौहा, डांग, बडगांव के उपार्जन स्थल श्याम श्री वेयर हाउस, गुरजीकला, बिलहरी के उपार्जन स्थल श्री कृष्णा वेयर हाउस, रीठी के उपार्जन स्थल मढादेवरी, मोहास के उपार्जन स्थल मंडी प्रांगण मोहास, तिलगवां के उपार्जन स्थल लोधेश्वर वेयर हाउस, देवगांव के उपार्जन स्थल ओम सांई राम वेयर हाउस, बकलेहटा, रैपुरा के उपार्जन स्थल अमन वेयर हाउस बनाया गया है।

बडवारा तहसील के लखाखेरा के उपार्जन स्थल शिवरजिया वेयर हाउस, अमाड़ी के उपार्जन स्थल आरव फूड प्रोडक्ट वेयर हाउस भदौरा, बड़वाराकला के उपार्जन स्थल हीरादेवी वेयर हाउस बड़वारा बायपास, भजिया के उपार्जन स्थल लुहरवारा, विलायतकला-1 के उपार्जन स्थल लक्ष्य वेयर हाउस 126, विलायतकला, भलवारा, विलायतकला-2 के उपार्जन स्थल वामिका वेयर हाउस 125, विलायतकला, भलवारा और नन्हवारा सेझा के उपार्जन स्थल राय वेयर हाउस 112 बड़वारा, बसाड़ी के उपार्जन स्थल ओसवाल वेयर हाउस 117 निगहरा के उपार्जन स्थल मां शारदा वेयर हाउस को बनाया गया है।



## मतदाता गणना पत्रक संबंधी समस्याओं का आसानी से करायें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में 04 नवंबर से मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य जारी है। जिसके तहत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को गणना पत्रक दिया गया है और मतदाता द्वारा गणना पत्रक भरने के बाद उसे डिजिटलाइज किया जा रहा है। यह कार्य 04 दिसंबर तक किया जाना है।

मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर निगम सीमा में निवासरत नागरिकों की सुविधा एवं समस्याओं के निराकरण हेतु नगर निगम कार्यालय सहित जोन कार्यालय क्रमांक 1 बस स्टेंड आडिटोरियम, जोन कार्यालय क्रमांक 2 दुर्गा चौक खिरहनी एवं जोन कार्यालय क्रमांक 4 माधवनगर उप कार्यालय में हेल्पडेस्क स्थापित कर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निगमायुक्त परिहार ने नगर वासियों से अपील की है कि वे मतदाता गणना पत्रक भरने में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर अपने क्षेत्र के हेल्पडेस्क सेंटर से सम्पर्क कर समस्या का निराकरण करा सकते है।

निगमायुक्त ने मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे बीएलओ द्वारा प्रदाय किए गए गणना पत्रक में सही-सही जानकारी भरकर उसमें हस्ताक्षर करके व फोटो चस्पा कर बीएलओ को शीघ्रता से उपलब्ध कराए। जिन मतदाताओं के नाम 2025 की मतदाता सूची में शामिल हैं, लेकिन 2003 की मतदाता सूची में नहीं हैं, उन्हें 2003 की मतदाता सूची में शामिल अपने माता-पिता या अन्य परिजनों का नाम व मतदाता सूची में सरल क्रमांक भरना है। विवाह के पश्चात आई नई बहुओं को भी अपने मायके वाले स्थान की 2003 की मतदाता सूची में शामिल अपने माता-पिता या अन्य परिजनों का नाम व मतदाता सूची में सरल क्रमांक गणना पत्रक में भरना है।

*तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संगोष्ठी का हुआ आयोजन*

## विद्यार्थियों को बाल संरक्षण की आवश्यकता और संबंधित कानूनों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई की अध्यक्षता और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. माधुरी गर्ग के निर्देशन में बाल संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. बाजपेई ने विद्यार्थियों को बताया कि मानव जीवन अत्यंत अमूल्य है। बचपन या बाल्यावस्था जीवन का स्वर्णिम काल है। यह उम्र अपने भविष्य को सवारने व जिंदगी को विभिन्न प्रकार से स्वस्थ रखने हेतु होती है। इस काल में शिक्षा ग्रहण कर हम अपने जीवन के समस्त पहलुओं को सुधार सकते हैं, इसलिए युवाओं का विशेष कर्तव्य है कि गरीबी और अशिक्षा के कारण हम आर्थिक रूप से अशक्त होने पर छोटे-छोटे कार्यों में संलग्न हो जाते हैं और परिवार का पालन करने के लिए तत्पर रहते हैं। हमें इन कार्यों से अपने बच्चों को बचाना है। उनका बचपन बचाना है। उनका जीवन बचाना है।

डॉ. माधुरी गर्ग ने बताया कि शासन विभिन्न योजनाओं के तहत विद्यार्थियों के बाल्यावस्था को सुधारने का भरसक प्रयास कर रहा है। उन्होंने पॉक्सो एक्ट व बाल अपराध को रोकने पर अपने विचारों को व्यक्त किया। साथ ही गुड टच-बैड टच के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बाल अपराध से जुड़े हुए विभिन्न योजनाओं और कानून के बारे में बताया। जबकि डीआर नाहिद सिद्दीकी ने बाल संरक्षण का अर्थ बताते हुए कहा कि बच्चों को हिंसा दुर्व्यवहार शोषण और अपेक्षा जैसे खतरों से बचाने के साथ ही उन्हें सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान करना है। जिससे बच्चों का शारीरिक मानसिक और भावनात्मक विकास हो सके। वहीं डीआर आरपी सिंह ने कहा कि भारत में बच्चों की सुरक्षा के लिए कई अधिनियम है। जिनमें किशोर न्याय अधिनियम 2015 और यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 प्रमुख है। एकीकृत बाल संरक्षण योजना 2009 में प्रारंभ हुई थी और इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है।

## लोक अदालत को लेकर पैरालीगल वालेंटियर्स की हुई बैठक



राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जितेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन में आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने व अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभांवित कराए जाने के उद्देश्य से बुधवार को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री हर्षित बिसेन के द्वारा उपस्थित पैरालीगल वालेंटियर्स के साथ आवश्यक चर्चा की गई। साथ ही पैरालीगल वालेंटियर्स को नेशनल लोक अदालत से होने वाले लाभों के संबंध में पम्प्लेट्स का वितरण करते हुये शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर नेशनल लोक अदालत से होने वाले लाभों से आमजनों को अवगत कराने के निर्देश दिये गए। ताकि पक्षकारगण नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते से प्रकरण का निराकरण करने के लिए प्रेरित हों और नेशनल लोक अदालत का लाभ उठा सके।

## ग्राम पंचायत किवलरहा में भगवान बिरसा मुण्डा की जयन्ती पर ग्राम सभा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था आयुष जनकल्याण सेवा समिति पटना मढ़िया सेक्टर बाकल के द्वारा ग्राम पंचायत किवलरहा में भगवान बिरसा मुण्डा की जयन्ती पर ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में सचिव अब्दुल शहीद के द्वारा ग्राम सभा के एजेंडे का विस्तार पूर्वक वाचन कर स्वीकृत कार्यो पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रामसभा सरपंच रामकृपाल के द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सरपंच रामकृपाल ने बिरसा मुण्डा के धार्मिक द्वन्द्व पर प्रकाश डालते हुए समाज मे व्याप्त नशे से दूर करने की बात कही। परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केसवाल ने



गौरव जनजाति दिवस को सामाजिक एकता एवं महापुरूषो की जयन्ती पर उन्हे हमेशा याद करते हुए उनका चरित्र अपने जीवन मे उतारने की बात कही।

कार्यक्रम के अतिथि जूना अखाडा वाराणसी के संत ने आध्यात्मिक विचारो से अवगत कराया। इसके अलावा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बहोरीबंद के ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह ने बिरसा मुण्डा के द्वारा की गई सामूहिक क्रांति को अपने जीवन मे उतारकर एकजुट रहने की बात कही। अन्त मे मुकेश कुमार झरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन धनीराम लोधी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य डीलन सिंह गौड़, जवाहर गौड़, हिम्मत सिंह गौड़, नारायण सिंह व महिलाओ की विशेष उपस्थिति रही।

### सर्वे में लगे कर्मचारियों को अवकाश देने की प्रक्रिया का सरलीकरण हो

**कटनी।** जिले में एसआईआर (SIR) सर्वे का कार्य चल रहा है। सर्वे में लगे कर्मचारियों खासतौर पर बी०एल०ओ० के ऊपर काम का अत्यंत बोझ है। शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने जिला कलेक्टर को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि इसी समय वैवाहिक आयोजनों के भी मुहूर्त हैं। शीतलहर के कारण कर्मचारी बीमार भी हो रहे हैं, ऐसे में यदि किसी एसआईआर सर्वे में लगे कर्मचारियों को यदि अवकाश की आवश्यकता होती है तो मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उन्हें अवकाश की राहत प्रदान की जावे तथा अवकाश की उक्त प्रक्रिया का सरलीकरण हो ताकि संबंधित कर्मचारियों को भटकना न पड़े। देश के कई हिस्सों के साथ साथ अब मध्यप्रदेश में भी एसआईआर सर्वे में लगे कर्मचारियों द्वारा काम के दबाव एवं हताशा में आत्मघाती कदम उठाने की खबरें मिल रही हैं। राकेश दुबे ने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि हम सभी शासकीय शिक्षक शासकीय कार्य के महत्व को समझते हैं, परन्तु बच्चों के शादी-विवाह एवं स्वास्थ्य यह भी अत्यावश्यक प्रक्रियाएं हैं, अतः (SIR) सर्वे में लगे कर्मचारियों बी०एल०ओ० एवं सुपरवाइजर के रूप में काम कर रहे कर्मचारियों के प्रति अधिकारी सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार रखें एवं अत्यंत आवश्यक होने पर अवकाश की राहत भी प्रदान करें।

## स्वच्छता के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में वाश ऑन व्हील सेवा होगी आरंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू/ संस्थागत/ सामुदायिक शौचालय की ऑन साइट साफ सफाई के लिए वॉश ऑन व्हील (wow) सेवा प्रारंभ की जा रही है। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने वॉश ऑन व्हील सेवा प्रारंभ किए जाने हेतु समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को मानक दिशा निर्देशों के अनुरूप तत्परता पूर्वक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं। आपको बता दें कि इस सेवा के उपयोग हेतु एक मोबाइल एप ₹*स्वच्छता साथी वाश ऑन व्हील तैयार किया गया है जिसको मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री जी द्वारा लोकार्पित कर पूरे प्रदेश में लागू किया गया है।

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को स्वच्छता साथी की सलंग्नता, स्वच्छ एमपी पोर्टल पर पंजीयन, ग्राम क्लस्टर का निर्माण,स्वच्छता साथी और शौचालय का प्रशिक्षण,पीपी किट की उपलब्धता, साफ सफाई हेतु निर्धारित दर, प्रचार प्रसार की गतिविधियां सुरक्षा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि स्वच्छता साथी द्वारा शौचायलयों की साफ सफाई आधुनिक उपकरणों एवं मशीनों के माध्यम से की जाएगी। वाश ऑन व्हील शौचालय की सफाई हेतु मांगकर्ता द्वारा स्वच्छता साथी को एक निश्चित राशि का भुगतान करना आवश्यक होगा।

स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक कमलेश सैनी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की अलख जगाने हेतु की गई गतिविधियों का अनुश्रवण एवं मूल्यांकन किया जाएगा। वॉश ऑन व्हील सेवा के सफल संचालन हेतु निर्धारित गतिविधियों के निर्धारित समय सीमा में क्रियान्वयन की समस्त जिम्मेदारी जिला समन्वयक और ब्लॉक समन्वयक को दी गई है।

## पुलिस, जिला पंचायत और नगर निगम ने भी हासिल किया ए ग्रेड

# शिकायतों के निराकरण में कटनी अग्रणी जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में प्रदेश के 28 जिलों के प्रथम समूह में कटनी जिला प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल है। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के नियमित अनुश्रवण और पर्यवेक्षण की वजह से कटनी जिले ने प्रथम समूह के 28 जिलों में 83.17 वेटेज स्कोर के साथ 'ए' ग्रेड हासिल किया है।

राज्य शासन द्वारा प्रदेश के जिलों की सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के आधार पर गुरूवार को जारी की गई ग्रेडिंग में कटनी जिले ने 6 वां स्थान अर्जित किया है।। कलेक्टर श्री तिवारी ने विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ परिणामोन्मुखी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। जिले में बीते अक्टूबर माह में प्राप्त कुल 8 हजार 530 शिकायतों में से 83.17 वेटेज स्कोर के साथ जिले ने ए ग्रेड हासिल कर 50.24 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया।

### कलेक्टर ने दी शाबाशी

इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला प्रशासन के अमले को शिकायतों के निराकरण के प्रति और अधिक संवेदनशीलता बरतने के निर्देश देते हुये भविष्य में और भी सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रशासन में शुचिता, पारदर्शिता तथा सुशासन का बेहतर माध्यम होने के साथ ही आमजन की समस्याओं के निराकरण का भी अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास होना चाहिए कि लोगों की शिकायतों और समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कर उन्हें सहूलियत दी जाए। शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण से आमजन का प्रशासन पर भरोसा बढ़ता है।

कलेक्टर श्री तिवारी के मार्गदर्शन में सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में कटनी जिले के पुलिस विभाग को 10वां स्थान मिला है। पुलिस विभाग ने अक्टूबर माह में प्राप्त 813 शिकायतों में से 52.1 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर ए ग्रेड हासिल किया। जबकि सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में जिला पंचायत को 9वां स्थान मिला है। जिला पंचायत ने अक्टूबर माह में प्राप्त 1233 शिकायतों में से अपने समूह में 50.75 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर 'ए' ग्रेड में तथा नगर निगम द्वारा 8वां स्थान हासिल कर अक्टूबर माह में प्राप्त 674 शिकायतों का 53.59 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण 'ए' ग्रेड हासिल किया है। इस प्रकार जहां कटनी पुलिस ने कुल 85.54 वेटेज स्कोर हासिल किया है। वहीं जिला पंचायत ने 86.31 वेटेज स्कोर और नगर निगम ने 91.46 वेटेज स्कोर के साथ 'ए' ग्रेड अर्जित किया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने इन सभी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लगनशीलता को सराहा है।

## जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाने रेन बसेरा तक पहुंचाने निःशुल्क वाहन की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुये बेघर और जरूरतमंद नागरिकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन ने सार्थक पहल पेश की है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा जरूरतमंदों को रेन बसेरा तक निशुल्क एवं सुरक्षित रूप से पहुंचाकर रात्रि विश्राम की सुविधा का लाभ प्रदान करनें हेतु विशेष वाहन सेवा प्रारंभ की गई है।

महापौर श्रीमती सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री परिहार नें बताया कि रात्रि के समय सड़क किनारे, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर ठंड से बचाव की व्यवस्था न होने की स्थिति में मिलने वाले लोगों को अब निगम की समर्पित वाहन टीम रेन बसेरा तक




पहुंचानें का कार्य करेगी। इस व्यवस्था से न केवल शीत लहर में राहत मिलेगी, बल्कि बेघर व्यक्तियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य की भी प्रभावी रूप से रक्षा हो सकेगी। शहर में सामाजिक उत्तरदायित्व को ध्यान में रखते हुए लागू की गई यह सेवा आमजन के लिए विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध होगी।

रैन बसेरा प्रभारी एवं निगम के राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर प्रसाद पाठक ने जानकारी दी कि वाहन के माध्यम से रात्रि गश्त के दौरान नगर के विभिन्न मुख्य स्थलों मे भ्रमण किया जाकर रोजगार की तलाश मे शहर आये हुए गरीब वर्ग के मजदूर लोगों व फुटपाथ अथवा सड़कों के किनारे चबूतरों पर रात्रि गुजारा करने वाले लोगों एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को चिन्हित किया जाकर रेन बसेरा तक निःशुल्क पहुँचाया जाएगा। महापौर, निगमाध्यक्ष एवं आयुक्त ने निःशुल्क वाहन सेवा एवं रैन बसेरा का लाभ उठाकर सुरक्षित एवं सुविधापूर्ण माहौल में रात्रि गुजर करने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई लक्ष्मीबाई व इंदिरा गांधी जयंती

**पन्ना।** संस्कारों की जननी सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवेंद्रनगर के सभागार में आज राष्ट्रनायिका महारानी लक्ष्मीबाई एवं देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती उत्साह, गरिमा और सांस्कृतिक गरिमाओं के अनुरूप मनाई गई। विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति, प्रेरणा और संस्कारों के दिव्य वातावरण से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम के शुभारंभ पर प्राचार्य पूरन सिंह राजपूत एवं प्रधानाचार्य शिवेंद्र नामदेव ने मां वीणावादिनी के चित्र पर तिलक, वंदन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर दोनों महान व्यक्तित्वों को नमन किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई और इंदिरा गांधी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अदम्य साहस, नेतृत्व क्षमता और त्याग का परिचय दिया, जिनका जीवन प्रत्येक छात्र के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वरिष्ठ आचार्य सूर्यकांत तिवारी जी ने दोनों महान विभूतियों के जीवन-चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्रों को बताया कि वीरता, संकल्प, निष्ठा और राष्ट्रप्रेम ही व्यक्तित्व को महान बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अध्ययन, अनुशासन और संस्कारों के माध्यम से ऐसे ही आदर्शों को अपने जीवन में धारण करें। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण एवं वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया।

बीएलओ से ली जानकारी, अच्छे कार्य करने पर की सराहना

# एसआईआर: हिण्डोरिया, पटेरा, कुण्डलपुर सहित अन्य स्थानों पर पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने अपरान्ह हिंडोरिया के विभिन्न वार्डो में पहुंचकर विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) का जायजा लिया। अपने इस भमण के दौरान श्री कोचर मतदान केंद्र क्रमांक 244 के बीएलओ से अब तक की प्रगति की जानकारी ली। बूथ लेवल अधिकारी बबीता गौतम ने बताया कि यहां पर कल तक 111 फॉर्म ऑनलाइन कल तक कर लिए गए हैं। इसी प्रकार बूथ क्रमांक 243 हिंडोरिया में 65% कार्य कर लिया गया है। बूथ लेवल अधिकारी ने पूरी जानकारी प्रदान की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथ लेवल अधिकारी और पूरी टीम की सराहना की। उनके द्वारा बताया गया कि डिजिटाइजेशन का काम भी लगातार किया जा रहा है। अगले क्रम में 244 मतदान केंद्र में भी अच्छा कार्य चल रहा था। कलेक्टर श्री कोचर ने यहां पर चल रहे काम का अवलोकन किया उनकी जो समस्याएं थी मौके पर मौजूद मास्टर ट्रेनर दिलीप जोशी द्वारा निराकृत कराई गई । इसी दौरान अन्य केन्द्रों पर भी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पहुंचे बूथ लेवल अधिकारियों से चर्चा की और प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मास्टर ट्रेनर श्री जोशी से कहा इन लोगों की आवश्यक मदद की जाए ताकि काम में किसी तरह का कोई विलंब ना हो। इसके उपरांत कलेक्टर यहां से सीधे पटेरा कुण्डलपुर, तिंदनी, देवडोंगरा आदि केन्द्रों में पहुंचे यहां पर भी उन्होंने अलग-अलग मतदान केन्द्रों पर मौजूद बूथ लेवल अधिकारियों एवं आम जनों से मिले और उनकी बातें वह समस्याएं जानी तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

# पालक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित

## अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, कॉपियां दिखाकर सुधार के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



शासकीय हाई स्कूल बरधारी में गुरुवार को पालक–शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्र-छात्राओं के अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों को सभी विषयों की उत्तरपुस्तिकाएं दिखाई गई ताकि वे अपनी गलतियों को समझ सकें और आगे सुधार कर सकें। बैठक में शिक्षकों ने छात्रों को नियमित रूप से विद्यालय आने तथा घर पर सतत अध्ययन करने की सलाह दी शिक्षकों ने कहा कि अच्छे परिणाम के लिए निरंतर अभ्यास और समय पर पुनरावृत्ति जरूरी है। संस्था के प्राचार्य बी आर अहिरवार ने छात्रों से गंभीरता और अनुशासन के साथ पढ़ाई करने की अपील की बैठक में शिक्षक आरके दुबे, एसके मुड़ा, डीसी असाटी, दशरथ पटेल, श्रीमती रिचा सोनी और राजेश अहिरवार उपस्थित रहे। पालकों में नर्मदा प्रसाद पटेल, अभिषेक लोधी, राजेश कुर्मी सहित अनेक अभिभावक मौजूद रहे कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया।

## उद्यानिकी अधिकारी को किसानों से मिलकर योजनाओं की जानकारी देने दिये निर्देश

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर हिंडोरिया पहुंचे विशेष पुनरीक्षण अभियान का जायजा ले रहे थे । इस दौरान एक खेत के किनारे रुक गए किसान से चर्चा की और खेती में कौन-कौन सी सब्जी ले रहे हैं आदि की जानकारी ली। कलेक्टर श्री कोचर ने किसान प्रेम नारायण पटेल से पूछा कि कौन-कौन सी सब्जी क्या-क्या और कितना उत्पादन ले रहे हैं और यह भी जाना कि आपको सरकार की तरफ से क्या मदद मिल रही है या मिली है। किसान श्री पटेल ने कहा कि वह तो लगातार खेती और सब्जी भाजी का उत्पादन कर रहे हैं, हमने ना तो संपर्क किया और ना ही हमें किसी ने बताया कि शासन की क्या योजनाएं हैं। कलेक्टर ने तत्काल उद्यानिकी विभाग के अधिकारी को मोबाइल पर चर्चा करते हुए कल प्रेम नारायण के खेत पर पहुंच कर और आसपास के किसानों को इकट्ठा कर उन्नत तकनीक और शासन की योजनाओं से अवगत कराने के लिए कहा। श्री कोचर ने कहा कि इतनी अच्छी सब्जी भाजी की खेती आप कर रहे हैं आप क्यों ना शासन की योजनाओं से कोल्ड स्टोरेज चाहते हैं या जिस तरह की सहायता चाहते हैं। उन्होंने कहा अच्छा उत्पादन कर उसका अच्छा लाभ उठाएं, इसके लिए कोल्ड स्टोरेज जैसी चीज बहुत आवश्यक है, ताकि आपको इसका उचित दाम भी आपके उत्पादन का मिल सके। किसान श्री पटेल अपने बीच कलेक्टर को पाकर बेहद ही प्रसन्न और भावुक थे । उन्होंने श्री कोचर से चाय के लिए आग्रह किया आप चाय लेकर जरूर जाएं, प्रेम नारायण पटेल और उनके परिजन खेत में काम कर रहे थे, सभी बेहद प्रसन्न थे। इसके बाद कलेक्टर जैसे ही आगे गए विशेष पुनरीक्षण अभियान का जायजा लेने तो बूथ लेवल अधिकारी अपनी टीम के साथ एक अन्य किसान के घर में थे, जहां पर भी सब्जी का काम हो रहा था वहां पर भी कलेक्टर श्री कोचर ने इन किसानों से खेती और सब्जी उत्पादन के संबंध में चर्चा करते हुए उन्नत तकनीक की जानकारी दी और अधिकारियों से कहा कि वह यहां पर भी आकर और अन्य किसानों से संपर्क कर इन्हें मार्गदर्शन करें और योजनाओं का लाभ पहुंचाएं।

## तीन मतदान केंद्रों में बीएलओ ने शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य



**दमोह।** विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्य जिले में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया इस अभियान में जिले के सभी बीएलओ, सहयोगी कर्मचारियों, शिक्षक, पटवारी, आरआई, पंचायत सचिव, जीआरएस, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, सर्वेयर और कोटवार दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने उनके समर्पण और अथक परिश्रम के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया दमोह जिले के तीन मतदान केंद्रों में बीएलओ ने शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य सबसे पहले पूरा कर लिया है। इनमें सबसे पहले पथरिया विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 173 पीपर खिरिया की बीएलओ रामसखी अहिरवार, जो महिला एवं बाल विकास विभाग में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने 484 मतदाताओं का पूरा मैपिंग और डिजिटाइजेशन कार्य पूरा किया। वे जिले की पहली बीएलओ बनी हैं जिन्होंने पूर्ण सफलता प्राप्त की। इसी प्रकार जबेरा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 193 ग्राम बैरागढ़ के बीएलओ धर्मेंद्र जैन, जो रोजगार सहायक हैं उन्होने 481 मतदाताओं के डेटा का डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया। इसी प्रकार हटा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 07 ग्राम उदयपुरा के बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनीता सेन और सहयोगी शिक्षक हिम्मत सिंह लोधी ने 390 मतदाताओं के डेटा का डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया है। उन्होंने कहा जिले के सभी बीएलओ शीघ्र अपने क्षेत्र का कार्य शत्प्रइतिशत पूरा करेंगे। इस दौरान धर्मेंद्र कुमार जैन, राम सखी अहिरवार, अनीता सेन, माया गर्ग, नैंशी राय, विमल चौधरी, चंद्रा बाई पाण्डे, सहायक बीएलओ उत्तम पटेल एवं सतरिया एवं पटेरिया की टीम का सम्मान किया गया।

## रक्तदान शिविर में 64 यूनिट रक्त एकत्रित



**दमोह।** विकासखंड हिण्डोरिया के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अभाना में आज रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 64 यूनिट रक्त का एकत्रण हुआ। इस दौरान अभाना के सरपंच गोविंद सिंह ठाकुर, दतला सरपंच भरत सिंह ठाकुर, कनिवाघाट पटी सचिव दुर्ग सिंह लोधी विशेषरूप से मौजूद रहकर रक्तदान में सहभागिता निभाई। इसके अलावा महिलाओं, युवावर्ग एवं स्वास्थ्य विभाग के सेवाप्रदाताओं ने रक्तदान शिविर में उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव ने भी रक्तदान कर अपनी सहभागिता निभाई। शिविर के सफल संचालन में जिला चिकित्सालय दमोह की टीम, रक्त वैन और रक्त संग्रहण सामग्री के साथ उपस्थित रही। इस अवसर पर सीबीएमओ हिण्डोरिया डॉ. अमित, एमओ अभाना डॉ. शिरीष जैन एवं स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं को ऊनी स्वेटर वितरित



**जबेरा।** जबेरा ग्राम के प्रतिष्ठित सोनी परिवार के होनहार समृद्धि ज्वेलर्स के संचालक एवं जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी के द्वारा आज शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय जबेरा में कक्षा पहली एवं दूसरी में अध्यनरत समस्त छात्र एवं छात्राओं को गरम ऊनी स्वेटर जूते एवं मोजा उपहार स्वरूप वितरित किए गए ऐसी भीषण ठंड में अध्यनरत गरीब छात्र-छात्राओं ने जब यह उपहार प्राप्त किये तो बच्चों की खुशी उनके चेहरे पर मुस्कान यह बयान कर रही थी कि यह उपहार उनके लिए कितना महत्वपूर्ण है श्री सोनी जी के इस कार्य से छात्र-छात्रा तो ठीक उनके अभिभावकों की भी खुशी का ठिकाना ना रहा कई अभिभावक यह कहते हुए सुन गए की सोनी जी ने हमारे बच्चों की ऊपर बड़ी कृपा की है क्योंकि हम सभी गरीब लोग हैं कैसे अपना घर चलाते हैं गर्म कपड़े एवं जूता का तो हम सोच भी नहीं सकते। ग्राम के वरिष्ठ लोगों के अनुसार सोनी परिवार पूर्व में भी इसी प्रकार के जनहितैषी कार्य करता रहा है। उक्त अवसर पर अखिलेश सोनी के साथ दिनेश दुबे एवं अभय मिश्रा उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि शासकीय विद्यालयों में इस समय केवलअति गरीब तपके के छात्र ही विद्या अध्ययन करते हैं। अखिलेश सोनी के इस उत्कृष्ट कार्य के लिए विद्यालय परिवार ने सोनी जी का हार्दिक अभिनंदन वं आभार प्रकट किया एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि आप इसी तरह समाज सेवा करते हुए निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहें।

# प्रतिस्पर्धा के दौर में सहकारिताओं को आधुनिक स्तर की ट्रेनिंग लेना आवश्यक- सौरभ कोठिया

**दमोह।** अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के समापन अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, दमोह के सभागार में वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए अभिनव सहकारी व्यवसाय मॉडल विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त, सहकारिता सौरभ कोठिया रहे। संचालन सहकारी संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजीव दुबे ने किया । आभार श्याम शरण पालीवाल ने माना। मुख्य अतिथि श्री कोठिया ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा सहकारी संस्थाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ व सुविधा संपन्न बनाने के लिए उन्हें नए-नए व्यवसाय दिए जाकर बहुउद्देशीय बनाया जा रहा है, किंतु वर्तमान प्रतिस्पर्धा के दौर में सहकारिताओं को बाजार में दृढ़ता के साथ खड़े रहने के लिए उनके अधिकारियों कर्मचारियों व पदाधिकारियों को आधुनिक स्तर का प्रशिक्षण लेना आवश्यक है। प्रशिक्षित स्टाफ ही आज के युग में सहकारिता को बाजार में खड़ा रख सकता है। इसलिए समय-समय पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में व्यक्तिगत रुचि लेकर सम्मिलित होना चाहिए। इस अवसर पर संजीव दुबे ने इफको कृभको व अमूल जैसी राष्ट्रीय स्तर की सहकारी संस्थाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में सुनील दुबे, अनुज शुक्ला, ओम सेन, नीतेश पाठक, अशोक रैकवार, कविता ठाकुर, आदिति जैन, श्वेता शर्मा, राधा, जीवन पटेल, प्रीतम सिंह, किशुन प्यासी, वीरेंद्र दुबे, प्रिंस साहू, नरेंद्र सिंह, भावेश मंडलोई सहित बैंक के अधिकारी कर्मचारी व कृषक भाई उपस्थित रहे।

# तहसीलदार ने एसआईआर के कार्यों का लिया जायजा



**दमोह।** एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत पथरिया में चल रहे गणना प्रपत्र वितरण व फीडिंग कार्य की प्रगति का तहसीलदार भू-प्रबंधन वर्षा दुबे द्वारा द्वारा मैदानी स्तर पर निरीक्षण किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में पूरे जिले में एसआईआर का कार्य सतत रूप से प्रगति पर है। इसी क्रम में पथरिया नगर के मतदान केंद्रों का तहसीलदार भू-प्रबंधन वर्षा दुबे ने पहुंचकर गणना प्रपत्र वितरण एवं प्रपत्र फीडिंग कार्य की वास्तविक स्थिति जानी। उन्होंने संबंधित बीएलओ को निर्देश दिए यह कार्य समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाये। जिन मतदान केंद्रों में एसआईआर कार्य की प्रगति कम पाई गई थी, वहां निरीक्षण कर सबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि आगे कार्य तेजी से हो सकेगा। इस अवसर पर आर.आई मुकेश जैन भी उपस्थित रहे।

### शिवधाम में श्री राम चरितमानस पारायण एवं शिवार्चन का हुआ आयोजन

**पवई।** नगर के वार्ड क्रमांक 08 मे शिवधाम निवासी पंडित रमेश प्रसाद पांडेय शास्त्री जी के निवास पर बुधवार 19 नवंबर को श्रीरामचरितमानस पारायण का आयोजन किया गया एवं गुरूवार 20 नवंबर को मानस पाठ की समाप्ति के उपरान्त एक रुद्रीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक, शिवार्चन आचार्य पंडितों के द्वारा किया गया तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया ।

### तेज रफ़्तार ऑटो से सरकी महिला, गंभीर रूप से हुई घायल

**अमानगंज।** पन्ना जिले के सुनवानी पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत जैतपुर जिला छतरपुर से तेज रफ्तार में आ रही एक ऑटो जो सुनवानी साप्ताहिक बाजार करने आ रही थी उसमें कई सवारियां बैठी हुई थी साथ ही एक महिला कस्तूरी बाई कुशवाहा पति दशरथ कुशवाहा उम्र 25 वर्ष निवासी जैतपुर असंतुलित हुई तेज रफ़्तार ऑटो से सरक कर नीचे जा गिरी और तेज रफ़्तार ऑटो आगे निकल गया इस घटना में महिला को शरीर के कई अंगों पर चोटे आई जिसे गंभीर हालत में अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतु दाखिल कराया गया और प्राथमिक उपचार के बाद महिला को जिला चिकित्सालय पन्ना के लिए रेफर कर दिया गया।

### करणी सेवा के प्रदेश अध्यक्ष अमानगंज पहुंचे, कई स्थानों पर हुआ जोरदार स्वागत

अमानगंज। करणी सेना मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष जीवनलाल जी श्योरपुर अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अमानगंज पहुंचे आपके पहुंचते ही पार्टी संगठन के उत्साही कार्यकर्ताओं ने भारी आतिशबाजी के साथ स्वागत करते हुए एक विशाल स्वागत यात्रा बाइक रैली के रूप में नगर के भगत सिंह की पूजा अर्चना करने के साथ आरंभ की स्वागत यात्रा और प्रदेश अध्यक्ष का नगर में कई स्थानों पर भारी स्वागत हुआ नगर के गांधी चौक पर अमानगंज नगर निकाय अध्यक्ष सारिका शारदा खटीक भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी पार्षद मुकेश चौबे प्रदीप अवस्थी शहर संगठन के विभिन्न पदाधिकारी के साथ प्रदेश अध्यक्ष जीवनलाल जी का स्वागत करते हुए उन्हें भगत सिंह जी की एक प्रतिमा उपहार के रूप में प्रदान की।

# लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का करें निराकरण - प्रधान जि. न्यायाधीश

## समस्त न्यायाधीशों के साथ बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



समस्त न्यायाधीशगण के साथ बैठक का आयोजन ए.डी.आर. भवन जिला न्यायालय दमोह में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 13 दिसंबर को सम्पूर्ण दमोह जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हित कर उनके निराकरण किये जाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में किया गया। बैठक को संबोधित करते हुये प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने समस्त न्यायाधीशगण को निर्देशित किया कि वे अपने अपने न्यायालयों में लंबित सभी राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से करने का प्रयास करें, जिससे आमजन को लोक अदालत का लाभ प्राप्त हो सके। बैठक में उपस्थित समस्त न्यायाधीशगण के द्वारा आश्वस्त किया कि नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण का प्रयास करेंगे। बैठक में मुख्यालय में पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण भौतिक रूप से तथा तहसीलों में पदस्थ न्यायाधीशगण वीसी के माध्यम से उपस्थित रहे। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बताया, कि नेशनल लोक अदालत में विद्युत, नगर पालिका, बैंक व बीएसएनएल के द्वारा प्रकरणों में विशेष छूट प्रदान की जा रही है आपने सभी पक्षकारों से नेशनल लोक अदालत में अपने प्रकरणों के निराकरण करने की अपील की है।

# सांसद प्रतिनिधि ने ग्रामों का भ्रमण कर एसआईआर सर्वे कार्य का किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

शासन द्वारा एसआईआर सर्वे कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है जिसमें प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई जा रही है। जिसके तहत गुरुवार को सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन द्वारा जबेरा जनपद के ग्राम बिछिया, मुड़ेरी एवं विजयसागर आदि ग्रामों का भ्रमण कर एसआईआर सर्वे कार्य का अवलोकन किया गया। जिसमें पोलिंग बूथ क्रमांक 146 बिछिया में कुल 739 मतदाता दर्ज हैं जिसमें करीब 350 फार्म वेरीफाई हो चुके है। मौके पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अर्चना तिवारी एवं सहायिका सावित्रीबाई उपस्थित पाई गई। वही पुलिंग बूथ क्रमांक 134 मुड़ेरी में कुल 927 मतदाता दर्ज हैं जिसमें करीब 350 से अधिक एसआईआर फॉर्म वेरीफाई हो चुके है। मौके पर बीएलओ अभय राज सिंह, सहायक बीएलओ सुखदेव सिंह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संध्या दुबे, सहायिका रेखा झारिया उपस्थित मिली। इसी तरह पोलिंग बूथ क्रमांक 136 विजय सागर का अवलोकन करने पर सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन को बीएलओ बृजेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां मतदाता 1009 दर्ज हैं जिसमें 394 फॉर्म वेरीफाई हो चुके हैं। भ्रमण के दौरान सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन ने शासकीय प्राथमिक शाला विजय सागर का निरीक्षण भी किया जहां मौके पर शिक्षक गगन सिंह ठाकुर उपस्थित मिले। जहां ध्यान रात कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों से पढ़ाई लिखाई और शैक्षणिक कार्य की जानकारी लेने पर बताया कि पढ़ाई अच्छे तरीके से चल रही है। इस दौरान बच्चों ने सांसद प्रतिनिधि श्री सेन को गांमा, गिनती और दूनीया भी पढ़कर सुनाई जिस पर उन्होंने शाला के शिक्षक गगन सिंह ठाकुर के कार्यों की सराहना की।

# भगवान वस्तु का भूखा नहीं, भाव का भूखा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा/झलौन



गौहची क्षलौन में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन अत्यंत धूमधाम, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कथा स्थल पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां पूरे वातावरण को "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" जैसे जयकारों ने भक्तिमय बना दिया। कथा व्यास गोपी पीठाधीश्वर पंडित विपिन बिहारी दास ने श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए उपस्थित श्रोताओं को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संदेशों से भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि जीवन की हर वस्तु की समझ का अपना माप होता है—"दूध को लीटर से, कपड़े को मीटर से, जमीन को जरीब से और संसार को करीब से देखना चाहिए।" मनुष्य यदि संसार को करीब से देखना सीख जाए तो जीवन के सुख-दुख और व्यवहार की सही समझ विकसित होती है। व्यास पीठ से पंडित दास ने मनुष्य जीवन में भगवान के नाम जप की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ईश्वर मनुष्य से किसी प्रकार की वस्तु नहीं मांगते, वे केवल थोड़ा-सा समय चाहते हैं। उन्होंने कहा, "भगवान ने आपसे केवल एक चीज मांगी है—समय। यदि जीवन का थोड़ा सा समय ईश्वर को दे दिया जाए, तो उनके दर्शन और सान्निध्य की प्राप्ति सहज हो जाती है।" कथा के दौरान उन्होंने देवकी के अष्टम गर्भ से उत्पन्न कन्या के प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि जब कंस ने कन्या को शिला पर पटकने का प्रयास किया तो कन्या ने आकाशवाणी के रूप में कहा—"तुझे मारने वाला जन्म ले चुका है।" इस प्रसंग ने भक्तों को अधर्म पर धर्म की विजय का शाश्वत संदेश याद दिलाया। इसके पश्चात पंडित दास ने श्रोताओं को गोकुल की दिव्य यात्रा पर ले जाते हुए बताया कि किस प्रकार नंद बाबा के घर श्रीकृष्ण जन्म का उत्सव मनाया गया। उन्होंने कहा कि भगवान को 'आनंद' स्वरूप माना गया है, और जो व्यक्ति महामना है—जिसका हृदय बड़ा है—उसे भगवान अवश्य प्राप्त होते हैं, चाहे वह किसी भी जाति, वर्ग या समाज से संबंधित हो। व्यास जी ने भारतीय परंपरा और वर्तमान सामाजिक स्थितियों पर भी प्रभावशाली टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारत में गोवंश आय का सबसे बड़ा गौधन सबसे बड़ा धन माना जाता था, जबकि आज कई लोग पालतू पशुओं के लिए स्थान तो रखते हैं, पर गौ-सेवा के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि "भगवान वस्तु का भूखा नहीं, भाव का भूखा है," इसलिए जो भी कार्य किया जाए, वह शुद्ध भाव से हो। उन्होंने आधुनिक जीवनशैली का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले लोग नौकरी करते थे, फिर चाकरी, उसके बाद तनख्वाह और वेतन का चलन आया, और आज 'सैलरी' का प्रचलन है। यह परिवर्तन केवल शब्दों का नहीं, बल्कि जीवन के दृष्टिकोण और मानसिकता के बदलते स्वरूप का संकेत है। कथा की अजमान रिटायर्ड शिक्षक रामप्रसाद तारारानी यादव हैं आयोजित हेमंत यादव डीएफओ विदिशा एवं उनके अनुज डॉक्टर बसंत यादव प्रोफेसर आईआईटी रुड़की हैं कथा के अंत में भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की आरती में भाग लेकर सौभाग्य प्राप्त किया। आयोजन समिति ने बताया कि कथा के शेष दिनों में और भी महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### नंदीवन में आज से श्री सीताराम विवाह कथा

**दमोह।** स्थानीय जबलपुर नाका स्थित नंदीवन मंदिर परिसर में विवाह पंचमी के अवसर पर आज 21 नवंबर से श्री सीताराम विवाह कथा प्रारम्भ होगी। कथा का वाचन आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज करेंगें कथा 21 नवंबर से प्रारंभ होकर के 29 नवंबर तक चलेगी जिसमें 21 नवंबर को श्री सीताराम जी की लगुन, 22 नवंबर को मांगरमाटी, 23 नवंबर को मड़वा, 24 नवंबर को मायनो, एवं 25 नवंबर को बारात का आगमन श्री सीताराम जी का विवाह होगा 26 नवंबर को कुंवर कलेवा 27 नवंबर को जनकपुर से बारात का वापस लौटकर के अयोध्या को आना 28 नवंबर को श्री सीता जी के मुंह दिखाई एवं 29 नवंबर को कथा विदाई होगी सुंदरकांड महिला मंडल के द्वारा समस्त भक्तों से संपूर्ण आयोजन में उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

### भगवान पुष्पदंत जी का जन्म व तप कल्याणक आज

**दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जैनधर्म के नववें तीर्थंकर भगवान श्री पुष्पदन्त जी का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव 21नवम्बर को धूमधाम से मनाया जाएगा इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान होगा । श्री जी का पालना झुलाया जाएगा। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती होगी। श्रद्धालु भक्तों से अनुरोध है कुण्डलपुर पधारकर धर्मलाभ अर्जित करें।

### तेंदूखेडा में वोकेशनल प्रशिक्षण कार्यक्रम

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के आदेशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार 19 नवम्बर से तेंदूखेड़ा में बेटी बचाओ, बेटी बढ़ाओ अभियान के तहत ममता संस्था के सहयोग से सेडमैप द्वारा एक माह का स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण (रेडीमेड गारमेंट्स) प्रारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारें द्वारा कार्यक्रम का उद्बोधन दिया गया। सभी बालिकाओं को प्रशिक्षण में शत-प्रतिशत उपस्थित होने के लिए कहा गया। यूनिसेफ कोऑर्डिनेटर विरेंद्र जैन ने बाल विवाह रोकथाम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी श्री राय, सेडमैप दमोह जिला समन्वयक पी.एन तिवारी, पर्यवेक्षकगण उपस्थित रहे। सहयोग आशीष श्रीवास्तव, संजय गर्ग एवं रेखा लोधी द्वारा प्रदान किया गया।

### हटा दमोह मार्ग पर मंगलम ढाबा के समीप हुआ सड़क हादसा

# तेज रफ्तार बाइक की जोरदार भिड़ंत दो युवकों की दर्दनाक मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

बुधवार की दरमियानी रात्रि 10:30 बजे हटा दमोह मार्ग पर मंगलम ढाबा के पास दो बाइकों की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गईं घटना में दो लोगो की मौत हो गई वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए हटा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार सुरेश पिता बब्बू लोधी उम्र 22 वर्ष निवासी सुजानपुरा जो नगर के रतन बजरिया स्थित एनएस जेव्लर्स की दुकान पर काम करता था। रोजाना की तरह वह दुकान बंद होने के बाद बाइक से अपने गांव जा रहा था इसी दौरान हटा दमोह मार्ग पर स्थित मंगलम ढाबा के पास पहुंचते ही सामने से आ रही काले रंग की बाइक टीवीएस चैम्प जिस पर ड्ल्लू



उर्फ डालचंद पिता दामोदर पटेल उम्र 35 वर्ष एवं बन्नू पिता मुकुंदी काछी उम्र 30 वर्ष निवासी रुसल्ली में जोरदार टककर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए। सड़क हादसे में मौके पर ही ड्ल्लू पटेल एवं सुरेश लोधी को अधिक रक्त रिसाव हो जाने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना राहगीरों ने डायल 112 एवं 108 एम्बुलेंस को दी जहां सूचना मिलने पर दोनो इमरजेंसी वाहन मौके पर पहुंचे और दोनो मृतको एवं एक घायल को अपने वाहनों से लेकर हटा सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां ड्यूटीरत डॉक्टर आरपी कोरी ने ड्ल्लू पटेल एवं सुरेश लोधी को परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। वही गंभीर घायल बन्नू काछी का इलाज हटा सिविल अस्पताल में जारी है। घटना की सूचना मिलने पर हटा थाने से एसआई नरेंद्र तिवारी एवं सौरभ शर्मा सिविल अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने घटना की विस्तृत जानकारी लेकर दोनो शवो को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। दोनो मृतको के परिवार जनों को सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। सुबह दोनो शवो का पीएम कराकर शव परिजनों के सुपर्द कर दिए जाएंगे। वही मर्ग कायम कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पलेवा के मौसम में अघोषित कटौती से किसान बेहाल, बिजली विभाग पर आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



क्षेत्र का हर किसान इन दिनों दोहरी मार झेल रहे हैं। धान खरीदी न होने से पहले ही परेशान किसान अब अनियमित बिजली आपूर्ति से और अधिक संकट में आ गए हैं। पलेवा और रबी की तैयारी के इस महत्वपूर्ण समय में हरई तेजगढ़ विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन लंबे समय तक बिजली गुल रहने से खेतों की सिंचाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। खमरिया भैसखार बीजाडोगरी मुडारी राजघाट दिनारी गूढ़ा और अमतारा सहित पूरे इलाके में एक सप्ताह से प्रतिदिन चार से पांच घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने का सिलसिला जारी है। किसान विश्वनाथ सिंह राजपूत बाबू सिंह भूपत सिंह नरेंद्र सिंह सहित अन्य किसानों ने बताया कि सुबह से शाम तक मोटरें बंद रहती हैं। खेत सूखे पड़े हैं । फोन करने पर विद्युत कर्मी यही कहते हैं कि अभी अनुमति का काम चल रहा है। किसानों का कहना है कि जैसे ही वे अभिलाष रजक को फोन लगाते हैं। वह यही जवाब देता है कि अनुमति जारी है और बिजली थोड़ी देर में आएगी लेकिन यह थोड़ी देर रोज कई घंटों में बदल जाती है। किसानों ने उपयंत्री शिव दयाल को भी लगातार शिकायतें भेजीं और आग्रह किया कि पलेवा के मौसम में बिना कारण बिजली बंद न रखी जाए लेकिन इसके बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। किसानों का कहना है कि लगातार कटौती से फसलें खतरे में पड़ रही हैं और यदि सिंचाई न होने से नुकसान होता है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी।

# रन फॉर हेल्थ प्रतियोगिता का आयोजन

### विहिप–बजरंग दल के सेवा सप्ताह कार्यक्रम में युवाओं ने दिखाया जोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत रन फॉर हेल्थ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पचास से अधिक युवा प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले युवाओं को मंच से सम्मानित किया गया दौड़ की शुरुआत विवेकानंद चौराहे से स्पोर्ट्स टीचर देवेंद्र पटेल और अटल तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर कराई मार्ग बीआईपी रोड होकर जेल चौराहे से आगे बढ़ता हुआ कीर्ति स्तंभ रामकुमार स्कूल परिसर पर समाप्त हुआ जहां कार्यक्रम का मंचन किया गया कार्यक्रम का संचालन विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री शंभु विश्वकर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख श्री रामलाल पटेल उपस्थित रहे जिन्होंने नशामुक्ति पर सारगर्भित उद्बोधन दिया मंच पर विहिप सागर विभाग मंत्री नरेंद्र जैन जिला अध्यक्ष अजय खत्री जिला संगठन मंत्री द्वारका मिश्रा सहित वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। दौड़ में परम सिंह लोधी प्रथम अजय सिंह लोधी द्वितीय और अवधेश चौबे तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर बजरंग दल जिला संयोजक गोलू चौबे ने सभी कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष श्रीमती गिरजा त्रिपाठी उपाध्यक्ष राम मिश्रा उपाध्यक्ष बबलू राय कोषाध्यक्ष संजय रतले सहमंत्री लकी गांगरा सुरेंद्र राय राजेंद्र खंडूजा स्वतंत्र गौतम सुरक्षा प्रमुख दीपक पटेल रोहित वाल्मीकि राहुल सेन देवेश ठाकुर सत्यम चौरसिया लकी चौरसिया रोहित शिवहरे रोहित राय निखिल ठाकुर बाबू शर्मा भूपेंद्र सिंह चंद्रभान सिंह प्रदीप सिंह सुनील सिंह जुगराज सिंह मोहित सिंह कृष्ण पटेल महेंद्र सिंह लोधी कमलेश मिश्रा दशरथ पटेल विकास चौरसिया राजेंद्र साहू भागीरथ पटेल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मातृशक्ति की ओर से श्रीमती लीला सोनी श्रीमती राखी दुबे श्रीमती सोना जैन याची शर्मा एवं अनुश्री जैन की उपस्थिति रही।

# करोंदी–पड़रिया में दम दिखा गईं जबेरा की बेटियां

### सांसद खेल महोत्सव की कबड्डी स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन, तेजगढ़ से कड़े मुकाबले में उपविजेता बनी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित विधानसभा स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जबेरा की छात्राओं ने अपने दमदार खेल से मैदान में मौजूद दर्शकों का मन जीत लिया। प्रारंभिक मुकाबले से लेकर फाइनल तक टीम का प्रदर्शन लगातार उत्कृष्ट रहा और टीम ने मजबूत इच्छाशक्ति, बेहतर तालमेल और तेज प्रतिक्रिया से सभी को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में जबेरा की टीम का सामना हिनोती की टीम से हुआ, जहां छात्राओं ने बेहतरीन रेड और सुपर टैकल के सहारे हिनोती को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। खिलाड़ियों की फुर्ती, शानदार डिफेंस और लगातार अंक हासिल करने की रणनीति ने उन्हें बढ़त दिलाई। फाइनल मुकाबला जबेरा और तेजगढ़ के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच रोमांचक संघर्ष देखने को मिला। शुरूआती मिनटों में जबेरा की रेडरों ने बढ़त बनाने की कोशिश की, वहीं तेजगढ़ की टीम ने मजबूत किलेबंदी कर मुकाबले को कड़ा बना दिया। अंतिम क्षणों तक मैच संतुलन में रहा, लेकिन निर्णायक पलों में अभाना टीम ने बढ़त बनाते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। जबेरा की टीम उपविजेता रही, लेकिन छात्राओं के खेल की प्रशंसा सभी ने की। टीम ने पूरे मैच में दमखम, अनुशासन और बेहतर खेल भावना का परिचय देते हुए साबित किया कि भविष्य में वे और भी ऊंचाइयों को छू सकती हैं। कार्यक्रम में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल की बालिकाओं का ऐसा प्रदर्शन यह संदेश देता है कि प्रतिभा किसी सीमा की मोहताज नहीं होती। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को शुभकामनाएं देते हुए छात्राओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, खेलप्रेमी तथा अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मैदान में हर अंक पर गूंजने वाली तालियों ने यह सिद्ध किया कि जबेरा की बेटियों ने न सिर्फ खेला, बल्कि सभी का दिल भी जीता। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा के प्राचार्य जवाहर प्रधान ने छात्रोंओ और कोच की भूमिका में रहे शिक्षक अभिषेक शर्मा को शुभकामनाएं दी व भविष्य में अच्छा खेलने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। विद्यालय परिवार व नगरवासियों ने भी छात्राओं को उत्साहवर्धन किया।

# कांग्रेस नेता ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल



**दमोह।** बुधवार रात ग्रामीण क्षेत्र से लौटते समय कांग्रेस नेता व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा ने वह काम कर दिखाया, जिसे लोग अक्सर अनदेखा कर निकल जाते हैं। अंधेरे में सड़क किनारे तड़प रहे तीन गंभीर घायलों को देखकर उन्होंने एक पल भी गंवाए बिना गाड़ी रोकी और अपनी जान की परवाह किए बिना उन्हें जिला अस्पताल पहुँचाकर तीन जीवन बचा लिए। मिश्रा ने बताया कि रात करीब 9 बजे बिसनाखेड़ी गांव के पास उनकी कार की हैडलाइट में कुछ आकृतियाँ नजर आईं। पास जाकर देखा तो दो पुरुष और एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े थे। सिर, हाथ और पैर पर गहरी चोटें, और जमीन पर पसरा खून — हालात बेहद नाजुक थे। मिश्रा ने तुरंत निर्णय लेते हुए अपने साथियों को वहीं उतारा और कहा कि दूसरे वाहन से उन्हें ले लिया जाएगा,“लेकिन घायलों को अस्पताल पहुंचाना सबसे जरूरी है। इसके बाद उन्होंने बिना समय गंवाए तीनों को कार में बैठाया और तेज़ी से जिला अस्पताल की ओर निकल पड़े। अस्पताल में पहले ही सूचना दे दी गई थी। जैसे ही गाड़ी पहुंची, डॉक्टरों ने तुरंत उपचार शुरू किया। समय पर मिले इलाज की बदौलत अब तीनों घायल जोखिम से बाहर हैं।

# युवा संगम जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**दमोह।** तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के साथ में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशानुसार टाईम्स कालेज, शासकीय कमला नेहरू महाविद्यालय, एकलव्य विश्वविद्यालय एवं शासकीय ज्ञानचंद श्रीवास्तव स्नाकोत्तर महाविद्यालय दमोह में युवा संगम जागरूकता शिविर का आयोजन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन संयुक्त तत्वाधान में शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय दमोह में आयोजित किया गया, जिसका मुख्य आर्कषण स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 25 नवम्बर को आयोजित युवा संगम सिटीजॉब, एल.आई.सी., निताई ग्रुप, ग्लोविल मार्केटिंग नियोजको से मार्गदर्शन प्रदान करना। कार्यक्रम के प्रारंभ में अभिषेक तिवारी ने उद्वेश्य की जानकारी देते हुए बताया कार्यक्रम का उद्वेश्य अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराना है चाहे तकनीकी क्षेत्र, गैर




तकनीकी क्षेत्र का हो युवा संगम में प्रदेश स्तर की कई कंपनीया भाग ले रही है आप और आपके पासआउट भाई बहिन भी आ सकते है। प्राचार्य डॉ. आलोक जैन ने उपस्थित छात्र/छात्राओ को संबंधित करते हुए विभिन्न कोर्सो की जानकारी प्राचार्य आई.टी.आई देवेश श्रीवास्तव.ने कहा युवा संगम रोजगार/ वारोजगार के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म हो सकता है कैरियर काउंसलर मुकेश तिवारी द्वारा कैरियर संबंधित विभिन्न जानकारीयां दी। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक सेडमेप पी.एन.तिवारी एवं उपस्थित अधिकारियों, कम्पनीयों नियोजको एवं छात्र/छात्राओ का जिला रोजगार अधिकारी एल.पी.लडिया दमोह ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में एन.आर.सुमन, कंचन प्रजापति, दिव्या पटैल एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उपसंचालक पशु चिकित्सा पहुंचे टीम के साथ मौके पर

**दमोह।** उपसंचालक पशु चिकित्सा डॉ. वी.के असाटी जानकारी देते हुए बताया कि दमोह गौशाला में पशुओं में एलसीडी के संबंध में सोशल मीडिया से जानकारी मिलने पर पीड़ित पशुओं का मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया, संबंधित गौशालाओं में एलसीडी वैक्सीनेशन पूर्व में किया जा चुका है। उन्होंने आगे यह भी बताया पीड़ित पशु गौशाला प्रबंधक दीपक नेमा द्वारा बाहर से निराश्रित गोवंश लाया गया था जिनका उपचार एवं टीकाकरण टीम द्वारा पूर्व में कर दिया गया है। डॉ. असाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बीमारी के लक्षण पशु की चमड़ी में गठान और पशु चरना, पीना कम कर देता है पांव में सूजन रहती है बुखार आदि लक्षण दिखे तो दमोह हेल्पलाइन पर संपर्क किया जा सकता है, उन्होने सभी पशुपालको से आग्रह किया है पशुओं में इस तरह के लक्षण दिखे तो तत्काल पशु चिकित्सको से संपर्क किया जायें।

# जन समस्या निवारण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



ग्राम इमलीजोग में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल ने आमजन से संवाद करते हुए कहा कि वे यहाँ उपस्थित प्रत्येक नागरिक से परिचित हैं। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर और व्यवस्थित तरीके से अवश्य पहुँचना चाहिए। राज्यमंत्री पटेल ने कहा शिविर में आए अधिकांश लोगों की दो मुख्य समस्याएँ हैं जिसमें नाम बीपीएल सूची में जोड़े जाने की मांग, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त करने की अपेक्षा है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है, ताकि पात्र हितग्राहियों को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें और शिविर का वास्तविक लाभ आम जनता तक पहुंचे। राज्यमंत्री श्री पटेल ने विद्युत विभाग की समाधान योजना का भी उल्लेख किया और कहा इसकी जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुँचे, जिससे वे इसका अधिकतम लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाएँ तभी सार्थक होंगी जब उनका लाभ अंतिम छोर तक पहुँचेगा। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की प्रगति से अवगत कराते हुए लाभ लेने का आव्हान किया।

# हिंदी सम्मेलन में जायेंगे भूपेंद्र जैन

**दमोह।** पंडित श्री दीनदयाल जी की 110 वीं जयंती के अवसर पर विज्ञान भवन दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन का दो दिवसीय आयोजन 21 ,22,नवंबर को किया जा रहा है। विश्व हिंदी परिषद द्वारा आयोजित हिंदी सम्मेलन में देश और विदेश के ख्याति प्राप्त विद्वान लेखक शोधार्थी, चिंतक, वरिष्ठ समाजसेवी , राजनैतिक व्यक्ति , शिक्षक, पत्रकार जन राष्ट्रीयता मानवता के प्रतीक पंडित दीनदयाल जी के जीवन पर अपने विचार , शोध , की प्रस्तुति देंगे। जिसमें दमोह के प्राथमिक शाला सिमरी राजाराम में पदस्थ शिक्षक भूपेंद्र जैन के लिए भी आयोजन के द्वितीय दिवस हेतु आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश जी और पूर्व केंद्रीय मंत्री सी पी ठाकुर, सहित भारत सरकार विदेश मंत्रालय हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य डॉ विपिन कुमार मुख्य सूत्रधार रहेंगे।

# पद्म श्री भारती बंधुओं ने गाया साधु रे राम बिना कछु नहीं...





**दमोह** । स्पिक मैके दमोह चेप्टर की विरासत श्रृंखला में अंतराष्ट्रीय कलाकार पद्मश्री भारती बंधुओं ने दूसरे दिन भी दमोह शहर के दो स्कूलों में कबीर के पदों और सूफी गीतों की प्रस्तुति दी, साधु रे राम बिना कछु नहीं, उड़ जा हंस अकेला से साधु पा स्कूली बच्चों से खूब तालियाँ बटोरीं वहीं अपनी अनूठी कबीर गायन शैली के लिए प्रसिद्ध पद्म श्री भारती बंधुओं ने कार्यक्रम की प्रारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया, बंधुओं द्वारा बच्चों को सूफी गायन के विषय में जानकारी देते हुये, कहा कि भारतीय शास्त्रीय संगीत को विश्व में पहचान मिली है ।उन्होंने मेरे राम गाढ़ी वाले गा कर कार्यक्रम को समाप्त किया । जिसे सुनकर उपस्थित श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में शाला के छात्र-छात्राओं के अलावा स्पिक मैके दमोह चेप्टर उप सभापति दविंदर सिंह वाधवा, अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, लक्ष्मीशंकर रघुवंशी एवं प्राचार्य डॉ आलोक सोनवलकर के साथ शिक्षक - शिक्षकओं की उपस्थिति रही।